जादूगर नानी के उपहार

टोमी डी पाओला

जादूगर नानी के उपहार

टोमी डी पाओला

कैलाब्रिया के छोटे से गाँव में, जहाँ जादूगर नानी रहती थीं दिसंबर का महीना शुरू होते ही लोग अपनी-अपनी रसोइयों में और खाने की मेज़ों को सजाने मे व्यस्त हो जाते थे.

सबसे पहले 6 दिसंबर को संत निकोलस का पर्व था. इस दिन की दावत के लिए बच्चों को भोजन चुनना होता था क्योंकि संत निकोलस बच्चों से बहुत प्यार करते थे.

अगली दावत 13 दिसंबर को थी - संत लुसी का पर्व. उनके सम्मान में, नरम गेहूं और पनीर का एक विशेष हलवा बनता था.

जब बम्बोलोना को अपने पापा बैम्बो की बेकरी में मदद करने के लिए गाँव वापस जाना पड़ा, तब बिग एंथोनी के दिमाग में एक विचार आया.

जैसे-जैसे सप्ताह बीतता गया, जादूगर नानी ने बिग एंथोनी को छोटे-छोटे कामों में बहुत व्यस्त रखा.

"जादूगर नानी," बिग एंथोनी ने कहा, "चूंकि बम्बोलोना अब नहीं है, इसलिए क्या मैं रसोई में आपकी मदद कर सकता हूँ!"

"अरे वाह," जादूगर नानी ने उत्तर दिया, "यह तुम्हारी बड़ी भलमनसाहत है, बिग एंथनी. लेकिन रसोई का कामकाज मैं खुद करने में सक्षम हूं. इसके अलावा, तुम्हारे पास करने को तमाम काम हैं."

"आपने बिल्कुल सही कहा, जादूगर नानी," बिग एंथोनी मुस्कुराया.

चलो, मैं अभी के लिए तो बची, जादूगर नानी ने सोचा.

24 दिसंबर को क्रिसमस की पूर्व संध्या थी. गाँव के हर घर में सात मछलियों का पर्व मनाने के उपलक्ष में मछलियाँ पक रही थीं.

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किसी घर में मांस नहीं पकता था, और आधी रात के बाद ही लोग खाना खाते थे.

चर्च की सभा के बाद, हर कोई जादूगर नानी के वार्षिक क्रिसमस पर्व के लिए छोटी पहाड़ी पर चढ़ा. वहां पर खाने की मेज़ों की एक कतार लगी थी.

चरवाहे वहाँ पर गाने के लिए मौजूद थे. शिशु यीशु के जन्म का जश्न मनाने के लिए गांववालों और बच्चों ने रात भर सितारों के नीचे नृत्य किया.

जैसे ही आसमान में एक गुलाबी रोशनी दिखाई दी,
हर कोई अच्छी नींद के लिए अपने-अपने घर चला गया.
अभी भी उत्सव मनाने के लिए एक सप्ताह बाकी बचा था.

31 दिसंबर को, नए साल की पूर्व
संध्या पर संत सिल्वेस्टर का पर्व था.

"बिग एंथोनी," जादूगर नानी ने कहा, "तुम्हें दाल-चावल की सादी खिचड़ी ही खानी चाहिए. अगर तुमने वो नहीं किया तो तुम अगले साल फलो-फ़ूलोगे नहीं."

"जादूगर नानी," बिग एंथोनी ने पूछा, "क्या मैं नए साल का "बॉन-फायर" देखने के लिए गांव जा सकता हूँ? वहां पर हर कोई होगा."

"तुम ज़रूर जाओ, बिग एंथोनी. पर बहुत सावधान रखना. आधी रात को जब चर्च की घंटी बजे तो किसी छत के नीचे छिप जाना. तुम जानते ही हो नए साल की रात को लोग अपनी खिड़कियों के बाहर अपनी पुरानी चीजें फेंकते हैं जिन्हें वे अब नहीं चाहते हैं. मैंने सुना है कि पिछले साल सिग्नोरा अनीता ने अपने पुराने स्टोव को खिड़की से बाहर फेंका था. उससे बेचारे सिग्नोर मेयर मरते-मरते बचे."

"मैं एकदम सावधान रहूंगा," बिग एंथनी ने वादा किया.

"हाँ, और अपना लाल अंडरवियर पहनना मत भूलना, बिग एंथनी. नए साल के दिन हर कोई लाल अंडरवियर पहनता है. क्योंकि वो अच्छी किस्मत लाता है."

5 जनवरी को तीन राजाओं का त्यौहार था - एक बार फिर हर कोई पर्व के पकवान बना रहा था. लेकिन इस बार का भोजन जानवरों के नाम था.

एक किंवदंती के अनुसार तीन राजाओं के त्यौहार की पूर्व संध्या पर सभी जानवर एक-दूसरे से बातचीत कर सकते थे. ऐसा इसलिए माना जाता था क्योंकि बैल और गधे दोनों ने मिलकर अपनी सांसों से बच्चे यीशु को गर्म रखा था.

इसलिए उस दिन ग्रामीण अपने पशुओं को दावत देते हैं. वैसे कोई ग्रामीण यह नहीं चाहता था कि उसके जानवर एक-दूसरे से गपशप करें और एक-दूसरे को यह बताएं कि उनके साथ कितना बुरा व्यवहार किया जाता है.

जादूगर नानी अपने खरगोश, मोर, कबूतर और विशेष रूप से अपनी बकरी के लिए अलग-अलग स्वादिष्ट व्यंजन बना रही थीं.

रसोई से निकली स्वादिष्ट महक ने बिग एंथनी को लगभग पागल कर दिया था. इसलिए, जब जादूगर नानी ने उसे रात के खाने के लिए बुलाया, तो वो बहुत जल्दी में दरवाजा पटकते हुए अंदर आया.

वहाँ मेज पर बिग एंथनी के खाने के लिए जादूगर नानी ने सादा पास्ता रखा था. पर काउंटर पर चार व्यंजन रखे थे जो बहुत अच्छे लग रहे थे और महक रहे थे.

"वे व्यंजन क्या हैं?" बिग एंथनी ने पूछा.

"वे जानवरों के लिए विशेष व्यंजन हैं. आज रात उनके लिए एक विशेष पर्व है. खरगोश के लिए गाजर, मोर के लिए मक्का के केक, कबूतर के लिए मीठे बीज, और बकरी के लिए साग से भरी शलजम है. देखो, अपना पास्ता खत्म करके बकरी को पकवान देना मत भूलना."

बिग एंथोनी बकरी शेड के बाहर रुका.
"मैं बकरी के पकवान को चखकर ज़रूर देखूंगा."

"अरे! यह कितना स्वादिष्ट है," बिग एंथोनी ने कहा.
फिर उसने बकरी के पकवान का अधिक-से-अधिक स्वाद लिया.

"हे भगवान - बकरी का विशेष भोजन ख़त्म हो गया!"
बिग एंथोनी खाली प्लेट देखकर चिल्लाया.

फिर बिग एंथोनी ने झट से प्लेट को घास और जई से भरा और उसे बकरी के शेड की खिड़की पर छोड़कर चुपचाप भाग गया.

जादूगर नानी ने रसोई की सफाई करते समय उन सभी ग्रामीणों के बारे में सोचा जिन्होंने अपने जानवरों के भोजन के लिए पूरे दिन कड़ी मेहनत की होगी. और शायद उन सभी ने रात को बिग एंथनी की तरह खुद साधारण भोजन खाया होगा.

"मैं सभी को उपहार दूंगी," उन्होंने अपनी प्राचीन पुस्तक खोलते हुए कहा.

"मैं सभी को एक अद्भुत सपना दूँगी. भोजन के बारे में एक सपना दूँगी!"

उसके बाद जैसे ही सभी गांववाले सोने गए, फिर सब कुछ भोजन में बदल गया. फव्वारों में से दूध और शहद निकलने लगा. दीवारें पनीर में बदल गईं. चारपाई के पैर, मीट के सॉसेज बन गए और बेडशीट लसग्ना (व्यंजन) की चादर में बदल गई.

जब गांववाले सो रहे थे, तब सभी जानवर चौक में जमा हुए और उन्होंने एक दूसरे को बताया कि उस रात उन्हें क्या-क्या अद्भुत पकवान खाने को मिले थे.

"सिस्टर्स ने हमें तली हुई स्वादिष्ट मछलियां दीं," कॉन्वेंट की बिल्लियों ने कहा."

बकरी, जादूगरनी दादी ने आपको क्या दिया?"

"मुझे पता नहीं, क्योंकि इससे पहले मैं खाने को देख पाती बिग एंथनी ने सबकुछ खा लिया था."

"यह तो बहुत गलत बात है," महापौर के कुत्ते ने कहा. "फिर तुमने क्या किया?"

"मैंने उसका कंबल चबा डाला," बकरी ने उत्तर दिया. मैं दावे के साथ कह सकती हूँ कि इतनी ठंडी रात में वो सो नहीं पाएगा."

और वाकई में बिग एंथोनी उस रात बिल्कुल नहीं सो पाया. और क्योंकि वो सोया नहीं इसलिए उसने उन अद्भुत पकवानों के बारे में सपना भी नहीं देखा.

वो न केवल ठंड से ठिठुर रहा था. वो बहुत भूखा भी था!

अगली सुबह, एपिफेनी का दिन था. उस दिन बिग एंथोनी को छोड़कर सभी का पेट जादूगरनी नानी के सपनों से भरा था.

दोपहर के बाद एक बार फिर सभी लोग एपिफेनी का पर्व मनाने के लिए जादूगरनी नानी के घर पर इकट्ठे हुए.

सबसे पहले सभी ने केक का एक-एक टुकड़ा लिया. जिन दो लोगों के टुकड़ों में लोबिए के बीज थे उन्हें पर्व का राजा-रानी बनना था.

"हुर्रे!" कुछ लोग चिल्लाए. "एक बीज बिग एंथोनी को मिला है!"

फिर लोग राजा एंथोनी को अपने कंधों पर उठाकर मेज के पास ले गए और उन्होंने उसे एक विशेष कुर्सी पर बिठाया.

"देखो, बिग एंथोनी, क्योंकि आज तुम राजा हो और शिशु यीशु का शुभ दिन है, इसलिए तुम उपहार मे क्या चाहोगे?" जादूगर नानी ने पूछा.

"एक नया कंबल," बिग एंथनी ने उत्तर दिया. "और वो स्वादिष्ट शलजम के पकवान जिन्हें कल रात आपने बकरी के लिए बनाया था!"

"मैं तुरंत लाई," जादूगर नानी ने कहा.

"यह रहे तुम्हारे उपहार राजा एंथोनी," जादूगर नानी ने कहा. "इनका मज़ा लो."

"बहुत धन्यवाद, जादूगर नानी," बिग एंथोनी ने कहा. "शुक्रिया."

फिर बिग एंथोनी ने खुद को अपने नए कंबल में लपेटा
और उसके बाद उसने बकरी की खिड़की पर दस्तक दी.

बिग एंथोनी ने शलजम के पकवान की प्लेट को बकरी के सामने रखा.
"चलो एक समझौता करते हैं," बिग एंथोनी ने कहा.

और फिर छुट्टियों का मौसम खत्म हो गया.
वो अब छुट्टियाँ दुबारा अगले साल ही आएंगी.